तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 28 जनवरी 2026


14 भाठागांव आर स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया



13 दल्लीराजहरा सहित अंचल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास...






## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


### खबर संक्षेप

### भूमिपूजन व मानस अमृत महोत्सव में शामिल होंगे शिक्षा मंत्री गजेन्द्र

**बालोद/सिकोसा।** विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण एवं मानस महोत्सव अमृत महोत्सव में शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव शामिल होंगे। गुण्डरदेही विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलौदी में 28 से 29 जनवरी से दो दिवसीय मानस अमृत महोत्सव का आयोजन एवं भूमि पूजन बाजार चौक में शेड निर्माण सीमेंटीकरण कुटीर भवन सहित विभिन्न विकाश कार्यों का भूमिपूजन किया जाना है जिसके मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव होंगे। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भाजपा बालोद चेमन देशमुख करेंगे। अतिविशिष्ट अस्थिति पूर्व विधायक गुण्डरदेही विरेन्द्र कुमार साहू, विशेष अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरुषोत्तम चंद्राकर, अध्यक्ष नगर पंचायत गुण्डरदेही प्रमोद जैन, जिला पंचायत सदस्य बालोद लक्ष्मी अशोक साहू, जनपद सदस्य अश्वनी कटहरे, अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति बेलौदी नोहर साहू, उपसरपंच बेलौदी हुल्लास साहू, समाज सेवी टोमन लाल साहू सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी महामंत्र भाजपा मंडल सिकोसा आशीष साहू ने दी।

### जंगली सूअर के शिकार का मामला वन विभाग की कार्यवाही तेज

**डौंडीलोहारा।** वन्य जीव संरक्षण कानूनों को चुनौती देता एक गंभीर मामला क्षेत्र के वन विभाग अंतर्गत जंगल से सामने आया है। यहां जंगली सूअर सहित अन्य वन्य जीवों के शिकार की सूचना मिलने से वन अमले में हड़कंप मच गया। जानकारी मिलते ही वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई। शिकार में शामिल संदिग्धों की तलाश तेज कर दी गई है। बताया जा रहा है कि शिकार संगठित रूप से किए जाने की आशंका को देखते हुए वन विभाग द्वारा विवेचना को व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाया जा रहा है। घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की संख्या और उनकी भूमिका की पड़ताल की जा रही है। हालांकि पूरे मामले में वन विभाग के आला अधिकारी फिलहाल कुछ भी कहने से बचते नजर आ रहे हैं। सूत्रों का ▶▶शेष पेज 12 पर

## राष्ट्रीय पर्व : झांकियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सम्मानित

# मंत्री खुशवंत ने फहराया ध्वज, मुख्यमंत्री के संदेश का किया वाचन







हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला मुख्यालय बालोद में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह हर्ष, उल्लास तथा भव्य एवं गरिमामय ढंग से मनाया गया।

- मंत्री गुरू खुशवंत साहेब ने फहराया तिरंगा

समारोह के मुख्य अतिथि एवं प्रदेश के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरू खुशवंत साहेब ने सुबह 09 बजे स्व.सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर कलेटक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल के साथ परेड की सलामी ली।



इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन भी किया। इस दौरान मुख्य अतिथि गुरू खुशवंत साहेब ने शांति के प्रतीक श्वेत कपोत और हर्षोल्लास के प्रतीक रंगबिरंगे गुब्बारे भी आसमान में छोड़े। समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री गुरू खुशवंत साहेब ने बालोद जिले को पहला बाल विवाह मुक्त जिला बनने का सौभाग्य प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बाल विवाह के रोकथाम के पुनीत कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र की विधायक संगीता सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, नगर पालिका परिषद बालोद के अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, पूर्व विधायक वीरेन्द्र साहू एवं प्रीतम साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, पवन साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्यामलाल नवरत्न, वनमण्डलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय सोनी, सीईओ जिला पंचायत सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, अजय किशोर लकरा एवं नूतन कंवर, एडीशनल एसपी मोनिका ठाकुर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव भारती कुलदीप, संयुक्त कलेक्टर मधुहर्ष, डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर एवं आशीष पेंद्रो विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

समारोह में स्कूली विद्यार्थियों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा परेड में शामिल सशस्त्र बल, पुलिस बल के जवानों तथा स्कूली विद्यार्थियों के द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट एवं हर्षफायर, राष्ट्रपति की जय का उद्घोष किया गया। इस अवसर पर मंत्री गुरू खुशवंत साहेब ने जिले के शहीद जवानों के परिजनों को शॉल और श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने जिला स्तर पर कर्तव्यों का श्रेष्ठ निर्वहन करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित ▶▶शेष पेज 12 पर

## कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर मिश्रा ने फहराया तिरंगा

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भरा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टर दिव्या उमेश ने प्रातः 08 बजे संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों–कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी।

कलेक्टर ने सभी अधिकारी–कर्मचारियों से जनहित एवं लोक कल्याण के पुनीत कार्यों को सफलीभूत करने हेतु बदलाव की शुरूआत स्वयं से शुरू कर राष्ट्र व समाज के नवनिर्माण में अपनी बहुमूल्य भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील भी की। इस अवसर पर मिश्रा ने सभी अधिकारी–कर्मचारियों को हमारे महान देशभक्तों, अमर शहीदों के कार्यों एवं विचारों से प्रेरणा लेकर निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन कर राष्ट्र व समाज की सेवा में योगदान देने को कहा। कलेक्टर मिश्रा ने कलेक्टोरेट परिसर में स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और





संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर देश की आजादी के लिए किए गए उनके अथक प्रयासों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक एवं अजय किशोर लकरा, संयुक्त कलेक्टर मधुहर्ष एवं संयुक्त जिला कार्यालय के अधिकारी–कर्मचारियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। उन्होंने हमारे राष्ट्र निर्माताओं, महान देशभक्तों एवं अमर शहीद के आदर्शों को आत्मसात कर अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं प्रतिबद्धता के साथ निर्वहन करते हुए बालोद जिले को प्रत्येक क्षेत्रें में अग्रणी बनाने की अपील की। इस अवसर पर अधिकारी–कर्मचारियों के द्वारा देशभक्तिपूर्ण सुमधुर गीत–संगीत की प्रस्तुति के अलावा काव्य पाठ भी किया गया।

# अंधे कत्ल की गुत्थी 24 घंटे में सुलझी

### आरोपी ने प्रेम विवाद में हत्या की बात स्वीकार की

हरिभूम न्यूज ▶▶ डौण्डीलोहारा/बालोद

थाना डौण्डीलोहारा के गुरामी जंगल में हुए अंधे कत्ल को सुलझाने मे बालोद पुलिस को सफलता मिली। प्रकरण में अज्ञात मृतिका की हत्या हुई थी, साइबर प्रहरी ग्रुप के माध्यम से मृतिका की पहचान हुई। मृतका की पहचान कमला राजपूत के रुप मे हुई। अंधे कत्ल के प्रकरण को सुलझा कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। सीसीटीवी फुटेज व तकनिकी साक्ष्य से आरोपी का सुराग मिला।

- आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक रिमांड पर भेजा गया
- जंगल में ले जाकर पत्थरों से सिर कुचला



24.जनवरी को थाना डौण्डीलोहारा क्षेत्र में गुरामी के जंगल मे एक अज्ञात महिला की शव सड़ी गली हालत में लाश मिली थी। फोरेंसिक टीम, साइबर सेल टीम, थाना की टीम, डाग स्क्वाड ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया। विशेषज्ञों के राय उपरांत प्रथम कृष्टया मामला हत्या का प्रतीत होने से थाना डौण्डीलोहारा में मर्ग एवं धारा 103(1) ,238 बीएनएसएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

घटना को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम गठित किया गया। जिसे अलग अलग क्षेत्रें मे कार्य करने हेतु निर्देश कर टीम को रवाना किया गया। विवेचना के दौरान टीम ने अज्ञात महिला की पहचान हेतु सभी थाना क्षेत्र के साइबर प्रहरी ग्रुप में मृतिका का फोटो वायरल किया गया था, थाना क्षेत्र के गुम इंसान को तस्दीक करने पर थाना बालोद में गुम इंसान क्रमांक 08/2026 में गुमशुदा महिला कमला राजपूत का होना पाया जाने से उसके परिजन को बुलाकर पहचान कराया गया। पहचान चिन्हित हो जाने से टीम एक्टीव हो कर मृत महिला के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी हासिल कर संसूचनाओं के माध्यम से संदेही को चिन्हाकिंत किया गया। संदेही चिन्हाकिंत होने पर साइबर सेल टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य एवं सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से संदेंही के उपर पूर्ण शंका होने पर संदेही का पकड़कर उससे पूछताछ की जहां उसने जुर्म स्वीकार किया।

संदेही आरोपी पाररास बालोद निवासी नेमींचद साहू पिता जंगलू राम साहू उम्र 30 साल ने अपने बताया कि वह मृतिका से 05–07 साल से प्यार करता था। मृतिका परित्यक्ता थी, आरोपी मृतिका को शादी कर अपने घर रहने के लिए बार बार बोलता था। घटना 16 जनवरी को दोनो मुलाकात कर घूमने के लिए अपने मोटरसायकल से ग्राम गुरामी के जंगल थाना डौण्डीलोहारा क्षेत्र गये। जंहा पर शाम को आपसी संबंध बनायें, उसके बाद मृतिका ने घर जाने बोलने पर आरोपी नेमीचंद ने उसे घर जाने से मना करते हुए मृतिका को तुम फोन से कई लोगो से बात करती हो ▶▶शेष पेज 12 पर




**खबर संक्षेप**



## कनेरी में 77वें गणतंत्र दिवस मनाया

**गुरूर।** सेवा सहकारी समिति कनेरी में 77वें गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान प्राधिकृत अधिकारी मेहतर नेताम, समिति प्रबंधक कमल किशोर साहू, हीरा लाल यादव, जनार्दन सिन्हा, गैंदलाल सिन्हा, शशिकांत यादव, रेखराम पटेल, दिलेश्वर साहू, फागू लाल पटेल, रोशन साहू एवं समिति के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

## ग्राम नेवारीकला में संगीतमय शिव पुराण कथा 13 फरवरी से

**बालोद।** ग्राम नेवारीकला में महाशिवरात्रि के पावन पर्व में पांच



दिवसीय संगीतमय शिव पुराण कथा का आयोजन बाजार चौक नेवारीकला में 13 फरवरी से 17 फरवरी तक किया गया है। जिसमें कथा वाचिका देवी गीतांजली शर्मा होगी। आयोजक दानीराम, धनेश्वरी सोनकर है। कथा दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होगी।

## ग्राम दुपचेरा में मेला मड़ई आज

**गुरूर।** ग्राम दुपचेरा में 28 जनवरी बुधवार को मेला मंडई का आयोजन किया गया है। जिसमें ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में कार्यक्रम रखा गया है, उक्त जानकारी थानेस सार्वा द्वारा दी गई।

## नपं डौंडी में पारंपरिक मेला मड़ई 31 को

**डौंडी।** नगर पंचायत डौंडी में 31 जनवरी को पारंपरिक मेला मड़ई का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 13 धनकर पारा व वार्ड क्रमांक 14 केवट पारा में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि कालीन छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह नाचा पार्टी लाटाबोड जिला बालोद से आमंत्रित की गई है। पूर्व सांसद प्रतिनिधि रामनारायण धनकर ने बताया की मेला मड़ई को लेकर नगर पंचायत डौंडी में उत्साह का माहौल है और आयोजन को सफल बनाने के लिए तैयारी की जा रही है यह कार्यक्रम में विशेष रूप से भारत सरकार द्वारा पुरस्कृत पद्मश्री डोमार सिंह कुवर जिन्होंने ,बीबीसी लंदन से सम्मानित ,छत्तीसगढ़ी फिल्म मन के बात मन में रहिगे साथ ही ,दाऊ मद्राजी कला सम्मान सूत्रधार द्वारा, पुरोधा सम्मान मुख्यमंत्री द्वारा ,धरतीपुत्र सम्मान ,भुईय्या सम्मान ,ज्ञानपीठ श्री सम्मान ,कला रत्न सम्मान ,डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सम्मान जैसे सबसे बड़े सम्मान मांटी के मांन के सम्मान बाल रंग शिविर जैसे विभिन्न पुरूस्कारों से सम्मानित कला कारों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन होगा इस कार्यक्रम में आप सबों को झारा - झारा नेवता।

## श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ कथा का भव्य आयोजन

**डौंडीलोहारा।** नगर में धार्मिक एवं आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने के उद्देश्य से संगीत मय श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 27 जनवरी से 03 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से श्रीहरि इच्छा तक संपन्न होगा। कार्यक्रम का आयोजन श्री सिद्धिविनायक गणेश उत्सव समिति वार्ड नं.11 दान बाबू गली, डौंडीलोहारा के तत्वावधान में किया जा रहा है। कथा का वाचन सुप्रसिद्ध भागवत कथा व्यास पं. नंदकिशोर शर्मा जी झलमला बालोद द्वारा किया जाएगा, जो अपने मधुर वाणी और सरल शैली से भक्तों को श्रीकृष्ण भक्ति में सराबोर करेंगे। वहीं कथा में परायण कर्ता पं. सत्यम शर्मा होंगे। आयोजकों ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के जीवन प्रसंगों, भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का भाव जन-जन तक पहुँचाया जाएगा। इस आयोजन में नगर एवं आसपास के क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की गई है।

### शासकीय संस्थानों व प्रमुख चौक चौराहों पर राष्ट्र ध्वज फहराया गया

# संजारी में मनाया गया गणतंत्र दिवस





हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

ग्राम संजारी में समस्त शासकीय संस्थानों व प्रमुख चौक चौराहों में तिरंगा झंडा फहराया गया। साथ ही राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम के 150 वीं वर्षगांठ के अवसर पर बड़े पैमाने पर सामूहिक वंदेमातरम गीत का गायन किया गया। स्कूली बच्चों की प्रभातफेरी का ग्रामीण जनों ने जगह जगह स्वागत किया।

व्याख्याता शिवेन्द्र बहादुर ने बताया कि वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने का जश्न एक राष्ट्रीय पहल है, जिसका उद्देश्य इस गीत की अमर भावना और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में इसकी ऐतिहासिक भूमिका को याद करना है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान, वंदे मातरम ने राष्ट्र की सामूहिक भावना को समाहित किया और स्वतंत्रता के लिए एक एकजुट आह्वान के रूप में कार्य किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजारी में संस्था प्रमुख गुलाब चंद नायक ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर तिरंगा झंडा फहराया। शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष संतोष तिवारी इस अवसर पर विशेष



रूप से उपस्थित रहे। संजारी के 1947 में स्थापित जय स्तंभ चौक में उपसरपंच अन्नपूर्णा इंदौरिया ने राष्ट्र ध्वज फहराया। इसी तरह बजरंग चौक, गांधी चौक, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भाठापारा आदि स्थलों पर गणमान्य नागरिकों व जनप्रतिनिधियों द्वारा ध्वज फहराया गया।

प्रभातफेरी उपरांत शासकीय प्राथमिक विद्यालय संजारी प्रांगण में स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को माखनलाल भुआर्य, अन्नपूर्णा इंदौरिया, पूर्व सरपंच अर्जुन सिंह ठाकुर आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 हेतु जिला स्तर पर उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित संकुल समन्वयक भागवत इंदौरिया का कार्यक्रम स्थल पर विशेष सम्मान व्याख्याता शिवेन्द्र बहादुर द्वारा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजारी, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय संजारी, शासकीय प्राथमिक विद्यालय संजारी व सरस्वती शिशु मंदिर संजारी के बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत बारामासी गीत, देश भक्ति गीत, कवितापाठ, छत्तीसगढ की लोकगीतों की प्रस्तुति दी गई।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर कार्यक्रम में अन्नपूर्णा इंदौरिया, अर्जुन सिंह ठाकुर, ग्राम पटेल श्याम लाल कमरिया, संतोष तिवारी, माखनलाल भुआर्य, सुरजीत इंदौरिया, मोहन भुआर्य, प्राचार्य गुलाब चंद नायक, राजकुमार दीवान, भूपेंद्र इंदौरिया, लोकेश वर्मा, करमजीत सिंह, राजेश साहू,बबीता दीवान,अर्पणा वर्मा, किरण शिवाने, मीनाक्षी आर्य, डोंगरमल रामटेके,आलोक विश्वकर्मा, शिवेन्द्र बहादुर, उर्मिला तारम, रीमा सोरी, नंदिनी जोशी, लक्ष्मीनारायण बढ़ई, धर्मिता देहारी, लालिमा रात्रे, मोहेन्द्र साहू, चंद्र किशोर साहू, घनश्याम साहू, मनोज देवांगन, भीकेश सहारे, प्रीतम रामटेके, संगीता सुधाकर, गिरिजा बाई भुआर्य, गुलाब सिंह इंदौरिया, शाला नायक गिरिजा खरे, उपशालानायक कुमकुम यादव और पूजा इंदौरिया उपस्थित रहे।



## मोहारा में गणतंत्र दिवस धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**गुरूर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला मोहारा के तत्वाधान में गणतंत्र दिवस बड़ा ही धूमधाम से मनाया गया।

■ विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया

ग्राम मोहारा के सभी चौक चौराहों को पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गया तत्पश्चात शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोहारा में सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। गणतंत्र दिवस के सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सभापति जनपद पंचायत गुरुर एवं अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहारा डॉ हरिकृष्ण गंजीर थे। अध्यक्षता प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहारा जोसेफ चोके ने किया। विशेष अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत मोहारा तेशवरी नेताम, उप सरपंच ग्राम पंचायत मोहारा दिनेश्वर सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि धनुष राम साहू, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति ग्राम मोहारा केशव रामधनकर, शिक्षाविद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहारा डॉ गोपाल साहू, शिक्षाविद शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोहारा बोधराय हिरवानी, अध्यक्ष शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोहारा छबिलाल धनकर, अध्यक्ष शासकीय प्राथमिक शाला मोहारा मनहरण लाल साहू उपस्थित थे।

सभापति डॉक्टर गंजीर ने गणतंत्र दिवस के बारे में पूरी जानकारी दिया और वीर जवानों को और महापुरुषों को विनम्र श्रद्धांजलि दिया और सभी को संविधान के बारे में विस्तार पूरा जानकारी दिया। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने उद्बोधन के माध्यम से गणतंत्र दिवस के बारे में जानकारी प्रदान किया। इस अवसर पर बसंत निर्मलकर, सत्येंद्र कुमार साहू, महेश सिंह, हेमलाल सिंह सभी स्कूल के प्रधान पाठक एवं शिक्षक एवं पलक गण एवं विद्याथएँ उपस्थित थे। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम का संचालन ईश्वर राय ने किया। वही सांसद महोत्सव में पूरे राज्य तक प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले गिल्ली डंडा खेल में ग्राम मोहारा निवासी जयप्रकाश यादव पिता कुलेश्वर यादव को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मान किया गया।

## बालोद जिला पंजीयक कार्यालय में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**बालोद।** जिला पंजीयक कार्यालय बालोद में 77 वें गणतंत्रता दिवस समारोह हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया। वेद प्रकाश सहारे ने महात्मा गांधी के तैल चित्र पर माल्यार्पण, पूजा अर्चना कर राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

तिरंगे के लहराते ही जन–गण–मन की मधुर धुन पूरे परिसर में गूंज उठी और हर चेहरे पर गर्व और देशभक्ति का भाव उमड़ पड़ा। इस अवसर पर उप पंजीयक वेद प्रकाश ने सभी को गणतंत्रता दिवस कि बधाई एवं शुभकामनाएं दी। दस्तावेज लेखक संघ के प्रदेश संरक्षक लक्ष्मी दूबे ने कहा कि

■ उप पंजीयक वेद प्रकाश सहारे ने महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण और पूजा–अर्चना की

स्वतंत्रता सेनानियों के अदम्य साहस और बलिदान को याद करने का दिन है द्य उन्होंने कहा कि यह गणतंत्र दिवस "देश की आजादी के बाद हमें मिला है, इसे संवारना और सुरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी है।" और इस तिरंगे के तीनों रंगों के आधार पर, हमें संकल्प लेते हुए, हमें जीवन को गुजारना है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और दस्तावेज लेखकों ने एक स्वर में देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए योगदान देने का संकल्प लिया। पश्चात देशभक्ति गीतों की मधुर प्रस्तुति और मिठाई वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर पंजीयन कार्यालय के उप पंजीयक बालोद वेदप्रकाश सहारे, नरेन्द्र यादव, पंकज साहू, मोहित यादव, पूना मेश्राम, पवन सोनकर, धनेश्वर सिंह, उमाकांत विश्वकर्मा, यशवंत निषाद, रविना कुंजाम, ईश्वरी, दस्तावेज लेखक संघ के जिला अध्यक्ष गोल्डी अग्रवाल, प्रदेश संरक्षक लक्ष्मी दुबे, दस्तावेज लेखक शिव गौतम, मो. जुनैद कुरैशी, जनक चंद्राकर, डिलेश्वर बेलचन्दन, जितेंद्र पटेल लालू, जयंत मरचूलिया, सहित दस्तावेज लेखक व स्टाम्प वेंडर उपस्थित थे।

## गुरूर में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण और श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित



**गुरूर।** नगर पंचायत गुरूर के शिव चौक सांस्कृतिक कला मंच के पास गणतंत्र दिवस पर स्कूली छात्र छात्रओं एवं नागरिकों के उपस्थिति में ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल थे। कार्यक्रम में अध्यक्ष ओबीसी महासभा ओमप्रकाश साहू, मुकेश साहू, मनीष साहू, कमलेश साहू, जितेन्द्र साहू, लेखराम साहू, टिकेंद साहू सहित सभी नगर वासी उपस्थित होकर महात्मा गाँधी, भगत सिंह, शहीद चंद्र शेखर आजाद, शहीद शंकर गुहा नियोगी, भारत माता जी के तैलचित्रें पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि देकर ध्वजारोहण किया गया।

## शाला नरबदा में 77वें गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया गया



**गुरूर।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला नरबदा में 77वें गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान बच्चों द्वारा ग्राम में प्रभात फेरी निकली गई।

## ब्रह्माकुमारीज आत्मज्ञान भवन में फहराया गया ध्वज



**बालोद।** ब्रह्माकुमारीज आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर गणतंत्र दिवस मनाया गया। बीके. सरिता दीदी ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 26 जनवरी 1950 को हमारा संविधान बनकर लागू हुआ। आज हम सभी 77 वां गणतंत्र दिवस मना रहे है। हम सभी मिलकर संविधान का नियम व पालन अवश्य करेंगे। व्यक्ति में राष्ट्रीयता की भावना जागृत करना और देशभक्ति की अलख जगाना मुख्य उद्देश्य है।

## अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने गणतंत्र दिवस पर जवानों का सम्मान किया



**बालोद।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जवानों को सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा संचालित शहीद वीर नारायण सिंह स्पोर्ट्स अकादमी बालोद जिला में विगत 4 वर्षों से निरंतर खिलाड़ियों को बॉक्सिंग, कलारीपट्टी, किक बॉक्सिंग जैसे मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया जाता है, यहां से प्रशिक्षित खिलाड़ी राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं।

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष नन्द किशोर साहू ने बताया कि जिला बॉक्सिंग कोच किशोर नाथ योगी ने बालोद के खिलाड़ियों को निःशुल्क प्रशिक्षण देकर राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता के लिए तैयार किया है तथा मनीष कुमार ठाकुर ने कलारीपट्टू जैसे स्वदेशी विधा में खिलाड़ी को नेशनल गेम के प्रतियोगिता में तैयार कर पदक प्राप्त किया है। बालोद के युवाओं को अग्निवीर तथा अर्धसैनिक बलों की तैयारी के लिए प्रशिक्षण देने के लिए देवेन्द्र डडसेना को विशेष सम्मान दिया गया। परिषद के अध्यक्ष नन्द किशोर साहू ने गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब को बालोद में हो रहे संगठन के गतिविधियों को विस्तार से बताया।

इस अवसर में नन्द किशोर साहू, कोमल साहू, हेमंत ठाकुर, किशोर नाथ योगी, मुकेश साहू, रवींद्र टेमरिया, टोमन लाल मरकाम, सोमन साहू, विष्णु प्रसाद उपास्थित थे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह मनाया





**जामगांव आर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन संसंगीत मय सांस्कृतिक छटाओं के साथ संपन्न हुआ। प्रारंभ में भव्य जुलूस निकाल कर गगन भेदी नारों के साथ कतार बद्ध विधार्थियो ने नगर भ्रमण किए।

ग्राम पंचायत जामगांव आर द्वारा विद्यालय को आबंटित संस्थाओं आरक्षी केंद्र, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, उप तहसील, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक, पशु चिकित्सालय, आंगनबाड़ी क्रमांक 5 में नगर भ्रमण के दौरान ध्वजारोहण समय सीमा में कराते हुए विद्यालय में ध्वजारोहण एवं नवीन विधाओं से ओतप्रोत खेल का प्रदर्शन किया गया। ध्वजारोहण समिति सदस्य डॉ गुलाब साहू ने किया। तत्पश्चात डॉ हेडगेवार सदन में परंपरागत ढंग रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के साथ गणतंत्र पर्व मनाया गया। गणतंत्र समारोह में अतिथि मंच पर मानस मर्मज्ञ लोमस साहू, डॉ केएस देवांगन, बसंत शिंदे, कामता प्रसाद साहू, नून बाई बंजारे, माहेश्वरी निषाद मंचासिन रहे। ध्वजारोहण में डॉ गुलाब साहू, मनीष जैन, नंदनी साहू, भारती सोनबेर, शैलेंद्री मंडावी, श्यामलाल चंद्राकर शामिल हुए। संविधान जीवन को सजगता पूर्वक जीना सिखाता है मानस मर्मज्ञ लोमस साहू ने कहा कि संविधान का पालन करने वाला मानवता के पुजारी होते है। संविधान में जीवन में अलर्ट रहकर जीने की सीख देती है। भारत माता के प्रति प्रेम प्रगट करने कर्तव्य निर्वहन सजगता पूर्वक करे। दायित्व युक्त कार्य को भलीभांति करे देश की सेवा में आपका नाम स्वमेव लिखता चले

## पेज 11 के शेष

### मंत्री खुशवंत ने फहराया ...

किया। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम, परेड और झांकी में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को भी सम्मानित किया गया। इसके अंतर्गत परेड सीनियर में 21वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल करकाभाट को प्रथम स्थान एवं जिला पुलिस बल पुरूष को द्वितीय स्थान तथा जिला पुलिस बल महिला को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

इसी तरह परेड जुनियर के अंतर्गत एनसीसी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद को प्रथम स्थान, एनसीसी ब्लेज एकेडमी उमरादाह को द्वितीय स्थान एवं गाइड शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालोद को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। समारोह में अतिथियों के द्वारा उत्कृष्ट परेड का संचालन करने के लिए परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक रेवती वर्मा एवं परेड टू आईसी एसआई मनीष शेंडे को भी सम्मानित किया गया। इसी तरह शासन की योजनाओं को प्रदर्शित करने हेतु निकाली गई झांकी के अंतर्गत कृषि विभाग को प्रथम स्थान, महिला एवं बाल विकास विभाग को द्वितीय स्थान एवं आदिवासी विभाग को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृखंला में ब्लेज एकडेमी उमरादाह को प्रथम स्थान, गुरूकुल विद्यापीठ बालोद को द्वितीय स्थान एवं संस्कार शाला बालोद को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

### जंगली सूअर के शिकार ...

कहना है कि अन्य आरोपियों की पतासाजी, तकनीकी साक्ष्य जुटाने और पूछताछ की प्रक्रिया जारी है। वन्य जीवों के अवैध शिकार की यह घटना क्षेत्र में संरक्षण व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर रही है, वहीं विभागीय कार्रवाई पर सबकी निगाहें टिकी हुई हैं।

### अंधे कत्ल की ...

कहकर वाद विवाद करने लगा। वाद विवाद से गुस्सा होकर आरोपी ने मृतिका को मारपीट कर गला दबाया। मृतिका के बेहोश होने पर उसे घसिटते हुए 50 मीटर अंदर जंगल की ओर ले गया। मृतिका के सिर व चेहरा पर बड़े बड़े बोल्डर (पत्थर) से मार कर उसकी हत्या कर दिया एवं शव को छिपाने के लिए जंगल में ही शव के उपर छोटे बड़े पत्थर डाल कर ढंग दिया। और आरोपी अपने घर आ गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिंमाड पर भेजा जा रहा है। आरोपी नेमींचद साहू पिता जंगलू राम साहू 30 वर्ष से 01 नग मोटरसाइकिल, मृतिका का मोबाईल हैण्डसेट जप्त किया गया है।

## स्वस्थ पंचायत सम्मेलन एवं जन संवाद आज

**डौंडीलोहारा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निर्देश पर स्वास्थ्य मितानिन कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन एवं जन संवाद कार्यक्रम आज डौडीलोहारा जनपद के सामने आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष कांति प्रकाश सोनबरसा करेंगे। विशिष्ट अतिथि ब्लॉक के जिला पंचायत सदस्य एवं जनपद पंचायत सदस्य होंगे। कार्यक्रम का आयोजन 208 गांव की,ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समितियां कर रही है।

## टोकन समस्या से किसानों परेशान एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

सेवा सहकारी समिति डौंडीलोहारा के अंतर्गत धान विक्रय को लेकर किसानों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। क्षेत्र के सैकड़ों किसान धान बेचने के लिए तैयार बैठे हैं, लेकिन अभी तक धान विक्रय हेतु टोकन नहीं कट पाने से किसानों में भारी आक्रोश और चिंता का माहौल बना हुआ है। टोकन जारी नहीं होने से परेशान किसानों की ओर से ग्राम अंडी के सरपंच संतोष जैन ने इस गंभीर समस्या को लेकर एसडीएम डौंडी लोहारा को लिखित आवेदन सौंपा है। जिसकी प्रतिलिपि कलेक्टर बालोद व मुख्यमंत्री को भेजा गया है आवेदन में बताया है कि धान की कटाई कई दिन पहले हो चुकी है, इसके बावजूद गांव के किसान टोकन नहीं मिलने से धान बेचने में असमर्थ हैं। खेतों एवं घरों में रखा धान खराब होने की स्थिति में पहुंच रहा है, वहीं किसानों को आर्थिक संकट का भी सामना करना पड़ रहा है। आवेदन के माध्यम से मांग की है कि जल्द से जल्द टोकन प्रदान किया जए, ताकि धान विक्रय सुचारू रूप से हो सके। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे मजबूर होकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

किसानों का कहना है कि अधिकांश कृषक कर्ज लेकर खेती करते हैं और धान विक्रय से मिलने वाली राशि से ही परिवार का भरण-पोषण एवं कर्ज की अदायगी होती है। ऐसे में टोकन में हो रही देरी किसानों की स्थिति को और भी गंभीर बना रही है। जबकि धान खरीदी अब 3 दिन ही शेष है। अब क्षेत्र के किसानों की नजर प्रशासन के अगले कदम पर टिकी हुई है कि उन्हें कब तक राहत मिलती है।

**खबर संक्षेप**



## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर हुआ शपथ ग्रहण कार्यक्रम

**डौंडीलोहारा।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रगति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाते हुए विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ को मतदान के अधिकार और कर्तव्य के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उपस्थित शिक्षकों, कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संचालक ललित सिंह गौर द्वारा सभी को मतदान के प्रति निष्ठा रखने, निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने तथा लोकतंत्र की गरिमा बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। शपथ में यह भी संकल्प लिया गया कि सभी नागरिक बिना किसी प्रलोभन, भय अथवा दबाव के निष्पक्ष रूप से मतदान करेंगे और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है और युवा वर्ग की सक्रिय भागीदारी से ही देश का भविष्य मजबूत बनता है। विद्यार्थियों को अपने परिवार एवं समाज में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया गया। अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया तथा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व को आत्मसात करते हुए नियमित रूप से मताधिकार के प्रयोग का संदेश दिया गया।

## पीएम श्री विनायकपुर स्कूल में हुआ न्योता भोज



**अंडा।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना न्योता भोजन का आयोजन किया गया।यह न्योता भोजन खिलेन्द्र यादव योगा शिक्षक ने अपने पिता स्व.सूदर्शन यादव की स्मृति में किया गया। कक्षा 1 से 12 तक के सभी बच्चों एवं शिक्षकों को खीर पूड़ी का वितरण किया गया। इस अवसर पर शाला में बंसत पंचमी मनाया गया। शाला परिवार से आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर गांव के सरपंच योगेन्द्र दिल्लीवार,पीएम श्री स्कूल के प्रधान पाठक टीकेन्द्र चन्द्राकर,शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोती मारकण्डे ,पीएम श्री स्कूल के अध्यक्ष लक्ष्मी साहू, उपाध्यक्ष ललित बाई साहू, स्मृति सोनी, बीना देवांगन, ज्योति गजपाल, मंजुलता धनकर, प्रीतिमाला देवांगन,भूषण दिल्लीवार, सीडी देवांगन,यशवंत साहू ,निलेश साहू, रमेश गजपाल, संतोष देशलहरे, दिनेश देशमुख एवं शाला परिवार,नरेश गायकवाड़, ऊषा सिन्हा, भावना तिवारी,विजेता सूर्यवंशी, चमेली ठाकुर, मनोरमा हालदार, अंजू साहू, दीपमाला चन्द्राकर उपस्थित रहे।शाला द्वारा पालकों एवं गणमान्य नागरिक से अपील किये है कि सुख हो या दुख कोई भी मौके पर आप बच्चों को न्योता भोजन कराकर पुण्य कमाने का सहभागी बनें।

### पर्व : भव्य प्रभात फेरी और आकर्षक झांकियां बनीं मुख्य आकर्षण

# दल्लीराजहरा सहित अंचल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया, हर ओर दिखा देशभक्ति का उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा नगर सहित आसपास के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में 76वां गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। 26 जनवरी के अवसर पर नगर एवं क्षेत्र के शासकीय, अर्धशासकीय, शैक्षणिक संस्थानों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों तथा सामाजिक संगठनों द्वारा ध्वजारोहण एवं विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह से ही पूरा नगर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया।

नगर के प्रमुख स्थलों पर प्रभात फेरी, झांकियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम, देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति एवं धार्मिक आयोजनों ने समारोह को विशेष बना दिया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में गणतंत्र दिवस को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।





### शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्यालयों में हुआ ध्वजारोहण

गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा, तहसील कार्यालय, पुलिस थाना, शहीद अस्पताल, विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग, वन विभाग, राजस्व कार्यालय, जनपद पंचायत, डाकघर, बीएसपी दल्लीराजहरा माइंस, रेलवे कॉलोनी कार्यालय सहित सभी शासकीय एवं अर्धशासकीय संस्थानों में ध्वजारोहण किया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रध्वज को सलामी दी और संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया।

### शैक्षणिक संस्थानों में बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां

नगर के शासकीय एवं निजी स्कूलों, महाविद्यालयों, आईटीआई, सरस्वती शिशु मंदिर, केंद्रीय विद्यालय एवं अन्य शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य, नाटक और भाषण की प्रस्तुतियां दी गईं। बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। विद्यालय परिसरों में स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान निर्माताओं के योगदान को याद किया गया। सुबह के समय नगर में भव्य प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें स्कूली बच्चों, सामाजिक संगठनों, युवाओं एवं महिलाओं ने भाग लिया। हाथों में तिरंगा लिए "वंदे मातरम्", "भारत माता की जय" और "जय हिंद" के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। इसके साथ ही संस्कृति, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और संविधान की झलक दिखाती झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों से बढ़ी गरिमा,गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर के विभिन्न मंदिरों, गुरुद्वारों एवं धार्मिक स्थलों में विशेष पूजा-अर्चना, हवन और प्रार्थनाएं आयोजित की गईं। वहीं सामाजिक संगठनों द्वारा सेवा कार्य, मिष्ठान वितरण और जरूरतमंदों को सहायता भी प्रदान की गई, जिससे सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया।

### जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने दिया संविधान पालन का संदेश

नगर पालिका परिषद के जनप्रतिनिधियों ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस हमें हमारे अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। संविधान के मूल्यों का पालन कर ही हम देश को आगे बढ़ा सकते हैं। वहीं एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने कहा, आज का दिन देश की लोकतांत्रिक शक्ति का प्रतीक है। हमें ईमानदारी, एकता और अनुशासन के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए।

### शिक्षकों, समाजसेवियों और युवाओं ने रखे अपने विचार

एक शिक्षक ने अपने वर्जन में कहा, विद्यार्थियों में देशभक्ति और संवैधानिक मूल्यों का संस्कार डालना ही गणतंत्र दिवस मनाने का वास्तविक उद्देश्य है। वहीं एक युवा समाजसेवी ने कहा,आज की युवा पीढ़ी को संविधान की ताकत समझनी होगी और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। पूरे नगर में दिनभर बना रहा उत्सव का माहौलदल्लीराजहरा सहित पूरे क्षेत्र में दिनभर गणतंत्र दिवस का उत्सवी माहौल बना रहा। हर ओर तिरंगे की शान, देशभक्ति के गीत और गर्व की अनुभूति देखने को मिली। आयोजन शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुए।दल्लीराजहरा एवं आसपास के अंचल में गणतंत्र दिवस समारोह पूरे उत्साह, गरिमा और राष्ट्रीय चेतना के साथ मनाया गया, जिसने देशप्रेम और एकता का सशक्त संदेश दिया।



## गणतंत्र दिवस समारोह एकलव्य विद्यालय में मनाया

**डौंडी।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, डौंडी में 77वाँ हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः ध्वजारोहण के साथ हुआ। ध्वजारोहण जनपद पंचायत डौंडी के अध्यक्ष मुकेश कोड़ों द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष भोला राम नेताम , सीईओ जनपद पंचायत डौंडी डी. डी. मंडले एवं अन्य जनपद सदस्यगण विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के पश्चात सभी ने राष्ट्रगान गाकर देश के प्रति सम्मान प्रकट किया। इसके उपरांत विद्यालय के प्राचार्य नीरज कुमार सिंह पाल द्वारा अतिथियों का स्वागत बैज और पुस्तक भेंट कर किया गया ।विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें देशभक्ति गीत, नृत्य एवं भाषण शामिल थे। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया।

अपने संबोधन में अतिथियों ने संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्रसेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यालय द्वारा किए जा रहे शैक्षिक प्रयासों की सराहना की तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। संपूर्ण आयोजन सफल, प्रेरणादायक एवं राष्ट्रभक्ति की भावना से परिपूर्ण रहा।

## खरथुली स्कूल में गणतंत्र दिवस की 77 वर्षगांठ हर्सोल्लास से मनाया

**बालोद।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खरथुली में गणतन्त्र दिवस की 77 वर्षगांठ हर्सोल्लास सम्पन्न हुआ। विद्यालय में ध्वजारोहण प्राचार्य घनाराम देशमुख ने एवं पंचायत भवन में सरपंच हरखराम खरे ने किया। शासकीय उच्च, माध्यमिक विद्यालय खरथुली में गणतन्त्र दिवस समारोह हर्सोल्लास मनाया गया। अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती मा भारती के तेल चित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किये। इस अवसर पर छात्र छात्रओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ की गीत को दर्शको ने खूब सराहा। मुख्यमंत्री के सन्देश वाचन कर प्रचार्यजी ने कहा आपके पास नेतृत्व की शक्ति है, और वही शक्ति देश की एकता को मज़बूत करने के लिए हम सब एक रहे तो भारत की अस्मिता को बचा सकते है। कार्यक्रम के मुख्यातिथि सरपंच ने सभी को शुभकामनाये देते हुए कहा, आज का आपका निर्णय केवल वर्तमान को नहीं, आने वाली पीढ़ियों की दिशा को भी तय करेगा।




कार्यक्रम में ग्रामपटेल रामदयाल बनजारे, कीर्तन राम देवांगन, दिलेन्द्र साहू, भीषम चन्द्राकर, कमल पिस्दा, गीताराम गायकवाड़, शिव प्रसाद पिस्दा, दीपक तारम, भागवत चतुर्वेदी, राजेश साहू, डामेंद्र साहू, खेमलाल ठाकुर, नीलेश देशमुख, प्रभा देशमुख, ओंकार पटेल, नागेंद्र भारती, हरीश रावटे, लालेश्वर ठाकुर, सौरभ कुमार, रेखा देशमुख, सरोज ठाकुर, यसोदा नायक, इंदु वर्मा, मनोहर सिन्हा, भोज भुआर्य, नीता उवर्सा का योगदान प्रंशसनीय रहा। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ मानसिंह तारम ने अपने आशीर्वचन में कहा एकता हमारी ताकत है, और यही हमारी जीत की कुंजी है। कार्यक्रम का संचालन गजेंद्रपुरी गोस्वामी ने एवं आभार प्रधानपाठक ताम्रध्वज यादव ने जताया वन्देमातरम राष्ट्रीय गीत के सामूहिक गान एवं मिस्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## रेड क्रॉस सोसायटी में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया

**बालोद।** इंडियन रेडक्रास सोसायटी राज्य शाखा रायपुर के चेयरमेन तोमन साहू की अध्यक्षता में ध्वजारेहण का आयोजन किया गया। ध्वजारोहण कार्यक्रम में रेडक्रास के सीईओ के राउत, रेडक्रांस ब्लक बैंक प्रभारी डॉ एसके पाण्डे, कबीरधाम जिले के प्रबंध समिति के सदस्य बालाराम साहू उपस्थित थे। इस अवसर पर चेयरमेन तोमन साहू ने कहा यह दिन 26 जनवरी 1950 को भारतीय संविधाम के लागू होने के वर्षगाठ पर मनाया जाता है। जिसने भारत को एक संप्रभू और लोकतांत्रिक गणराज्य का स्वरूप दिया। उन्होने सभी लोगो को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए एकता व अखण्डता बनाए रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर भारतीय रेडक्रास के कर्मचारी बालमुंकुद दुबे, सत्यभान तिवारी, समीर यादव, शिवानंद मिश्रा, स्नहा वर्मा, धर्मेन्द्र मिश्रा, देवेन्द्र दुबे, चन्द्रकुमार पनका उपस्थित थे।

■ एकता और अखंडता बनाए रखने का दिया संदेश



## धनगांव में 77वां गणतंत्र दिवस मनाया गया

**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय धनगांव, संकुल डौंडीलोहारा में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच रघुवीर पटेल रहे, जबकि अध्यक्षता ग्राम पटेल इन्द्र कुमार भंडारी ने की। विशेष अतिथि के रूप में एसएमसी अध्यक्ष भागबली भूआर्य, उपाध्यक्ष मलेश पटेल, एपीसी राजेंद्र देवांगन (बालोद), उपसरपंच सातों बाई बढ़ाई सहित जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र पर पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिक्षा अलंकरण 'शिक्षादूत' से सम्मानित शिक्षक विशंभर सिंह बगमरिया को ग्रामवासियों एवं शाला विकास समिति द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

■ मां सरस्वती के तैलचित्र पर पूजन-अर्चन के साथ हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ



कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं के उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही खेल के क्षेत्र में राज्य एवं संभाग स्तर पर उपलब्धि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मान मिला। पूनम देव ने राज्यस्तरीय पोल वॉल्ट में द्वितीय स्थान तथा अविनाश कुमार रात्रे ने 600 मीटर दौड़ में संभाग स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अतिरिक्त पुलिस एवं अग्निवीर चयनित युवाओं को भी सम्मानित किया गया। उल्लास कार्यक्रम का आयोजन एपीसी राजेंद्र देवांगन के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें उत्तीर्ण प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सरपंच रघुवीर पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि संविधान की रक्षा करना तथा नैतिक व सांस्कृतिक मूल्यों को बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त ग्रामवासियों, शाला विकास समिति एवं शाला परिवार का विशेष योगदान रहा।

# पीएमश्री एवं शाउमा स्कूल विनायकपुर में 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया

**अंडा।** पीएमश्री शासकीय प्राथमिक एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर में 77 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत योगेंद्र दिल्लीवार और अध्यक्षता शाला के प्राचार्य श्रद्धामयी मिश्रा जी एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोतीलाल मारकंडेय ने की। प्राचार्य श्रद्धामयी मिश्रा, ग्राम सरपंच, शाला समिति अध्यक्ष, प्रधान पाठक टिकेंद्र चंद्राकर व समस्त सदस्यों के द्वारा भारत माता,छत्तीसगढ़ महतारी एवं महापुरुषों के चित्रों पर पूजन अर्चन किया गया व प्राचार्य के हाथों तिरंगा ध्वज फहराया। प्रभात फेरी के माध्यम से विभिन्न चौक चौराहों में तिरंगा ध्वज फहराया गया।तत्पश्चात शाला में अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पूजा एवं दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसी पर्व में उल्लास नवभारत साक्षरता के चलते उल्लास मेला का आयोजन उल्लास प्रभारी टिकेंद्र चंद्राकर प्रधान पाठक, प्रेमलता योगी व संकुल समन्वयक उषा सिंहा द्वारा किया गया जिसमें जो साक्षार हुए उनके द्वारा एफ एल एन के माध्यम से अपनी गतिविधियों को दिखाया गया। उल्लास मेला का शुभारंभ प्राचार्य एवं सरपंच के द्वारा किया गया। सरपंच योगेंद्र दिल्लीवार ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हर व्यक्ति को संविधान का पालन करना चाहिए। संविधान ने जहाँ हमे मौलिक अधिकार दिए है तो वहीं हमारे कुछ कर्तव्य भी है जिनका पालन करना करना चाहिए।




त्रेता चन्द्राकर, दिनेश्वर चन्द्राकर कवि ने शाला में हो रहे गतिविधियों की तारीफ किया।साथ ही उल्लास परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षार्थी को अंक सूची का वितरण किया गया। शाला के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। उल्लास कार्यक्रम में जो बच्चे घर घर जाकर पढ़ाते थे उन बच्चों को उल्लास सम्मान से नवाजा गया।इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के सभी सदस्य, ग्राम पंचायत के सभी पंचगण, शाला परिवार के सभी स्टाफ उपस्थित रहे।







**खबर संक्षेप**



### आंगनबाड़ी केंद्र में पंच सुनील ने किया ध्वजारोहण

**जामगांव आर।** आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 5 में पंच सुनील चंद्राकर ने गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया। सरस्वती शिशु मंदिर विद्यार्थी एवं स्टॉफ इस अवसर पर उपस्थित थे।

### जिला केंद्रीय सहकारी बैंक में मनाया गया गणतंत्र दिवस



**जामगांव आर।** जिला केंद्रीय सहकारी बैंक जामगांव आर में गणतंत्र दिवस पर सेवा सहकारी समिति जामगांव आर प्राधिकृत अधिकारी भगवान सिंह चंद्राकर ने ध्वजारोहण किया। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक जामगांव आर के विद्यार्थियों ने विधिवत ढंग से ध्वजारोहण संपन्न कराया। शाखा प्रबंधक महेंद्र मढ़रिया ने आभार व्यक्त किया।

### पशु चिकित्सालय जामगांव आर में ध्वजारोहण कर मनाया गया गणतंत्र दिवस



**जामगांव आर।** गणतंत्र पर्व पर पशु चिकित्सालय जामगांव आर में चिकित्सालय के प्रमुख डॉ बी मुखोपाध्याय ने ध्वजारोहण किया। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर प्राचार्य पीएल बारले के निर्देशन में विद्यार्थियों ने ध्वजारोहण कराया।

### छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक जामगांव आर में हर्षोल्लास के साथ फहराया गया तिरंगा



**जामगांव आर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक जामगांव आर में सहायक प्रबंधक रोशनी चंद्राकर ने ध्वजारोहण किया। सरपंच रूपेंद्र शुक्ला विशेष तौर पर उपस्थित रहे, सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों ने ध्वजारोहण संपन्न कराए।

### आरक्षी केंद्र जामगांव आर में शान से फहराया गया तिरंगा



**जामगांव आर।** आरक्षी केंद्र जामगांव आर में प्रधान आरक्षक मोहनलाल ठाकुर ने गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्राचार्य पीएल बारले के मार्गदर्शन में ध्वजारोहण संपन्न कराया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ऐमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## राष्ट्रीय पर्व : संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर के योगदान को किया याद

# भाठागांव आर स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही



शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भाठागांव आर में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। शाला प्रांगण में प्राचार्य रूबी जॉनसन ने ध्वज फहराया तत्पश्चात गांव भ्रमण करते हुए सहकारी संस्था, शिशुमंदिर, उप स्वास्थ्य केंद्र, ग्राम पंचायत भवन, साहू सदन, आयुष केंद्र, गांधी चबूतरा एवं भाठागांव के हृदय स्थल मंच के पास ध्वज फहराया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व अध्यक्ष जिला भाजपा बालोद लेखराम साहू, अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति कृष्ण कुमार साहू, जनपद सदस्यकौशल किशोर साहू, सरपंच रुपेश्वर यादव, प्राचार्य रूबी जॉनसन एवं विनोद कतलम ने शहीदों के तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर किया गया। अतिथियो ने शहीदों को याद करते हुए संविधान निर्माण में बाबा साहब अम्बेडकर के योगदान को याद करते हुए नागरिको और विद्यार्थियों को मौलिक अधिकार और कर्तव्य के प्रति सजग रहने प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रतिभावान छात्र छात्रओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से संजय साहू, सलीम खान, सेवनिवृत्त टीआई विनोद कतलम, भानु साहू, दुष्यंत कुमार साहू, मयाराम देवांगन, जयंती देवांगन, ख्वाज बेगम सहित स्टाफ व स्कुली बच्चे उपस्थित थे।

## झोफरा स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गणतंत्र दिवस



**गुण्डरदेही।** शासकीय प्राथमिक शाला झोफरा में गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहां बच्चों के द्वारा प्रभातफेरी निकालकर गली भ्रमण किया गया तत्पश्चात शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामनाथ बांधे के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। जहां बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

गायत्री ठाकुर के द्वारा शाला के सभी 20 बच्चों को स्कूल बैग, पानी बॉटल व पेन का वितरण किया गया। रघुवर प्रसाद नेताम के द्वारा पांचों कक्षा के प्रतिभाशाली उत्कृष्ट बच्चों के लिए मोमेंटो प्रदान किया गया। शाला प्रबंधन समिति झोंफरा के द्वारा स्वच्छ व सुंदर गणवेश पहन कर आने वाले चयनित बच्चों को इनाम बांटा गया। सेवानिवृत्त शिक्षक जीएस. निर्मल द्वारा पांचवीं बोर्ड में प्रथम आने वाले छात्र को पांच सौ रुपए की राशि देकर सम्मानित किया गया। सरपंच खिलेश्वरी बमभोले के द्वारा नव साक्षरों को प्रमाण पत्र वितरण किया। इस अवसर पर ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## नगर पंचायत अर्जुन्दा में मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

**गुण्डरदेही।** भारत के 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पंचायत अर्जुन्दा में गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गांधी चौक, नगर पंचायत भवन, बस स्टैंड चौक अर्जुन्दा एवं पीएम स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अर्जुन्दा में विधायक कुंवर सिंह निषाद ने ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस के पावन उत्सव में शामिल हुआ।

- राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का लिया संकल्प
- उत्कृष्ट विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मान

ध्वजारोहण के पश्चात मुख्य कार्यक्रम भारती विद्यालय प्रांगण में संपन्न हुआ, जिसमें स्कूली बच्चों द्वारा सलामी परेड एवं पीटी अभ्यास के बाद उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्रीय गान के माध्यम से राष्ट्र के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। मुख्य अतिथि विधायक कुंवर सिंह निषाद ने संविधान की महत्ता, लोकतंत्र की मजबूती तथा नागरिकों के कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों, नागरिकों से देश की एकता अखंडता एवं सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जिनकी उपस्थित जनों ने भूरी–भूरी प्रशंसा की। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह के अंत में सभी ने संविधान के मूल्यों पर चलने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पंचायत अर्जुन्दा प्रणेश जैन, अनुभव शर्मा, अध्यक्ष शाला विकास समिति प्रिंस ओसाभ यादव, अध्यक्ष शाला विकास समिति चंद्रहास देवांगन, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत अर्जुन्दा हरीश चंद्राकर, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अर्जुन्दा जीवन बंदे, समस्त पार्षद गण, शिक्षकगण, अभिभावक, नगरवासी कर्मचारी एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

## 77 वें गणतंत्र दिवस पर पंडित दीनदयाल जी के प्रतिमा के समक्ष तिंरगा फहराया गया



**डौंडीलोहारा।** सम्पूर्ण भारत देश में 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी संगठन, सभा,समितियों व सरकारी संस्थाओं द्वारा राष्ट्रीय ध्वज हर्षोल्लास के साथ फहराया गया इसी तारतम्य में डौंडी लोहारा भाजपा मंडल द्वारा हर वर्ष की भांति गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर स्थानीय न्यू बस स्टैंड के समीप स्थित पं.दीनदयाल उपाध्याय जी के प्रतिमा के समक्ष भाजपाईओं ने तिरंगा फहराया, इस कार्यक्रम का ध्वजा रोहण राज्य पिछडा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल के करकमलों से किया गया, इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल उपाध्यक्ष द्वय लता गुप्ता, संदीप लोढा, गैंदमल भंसाली, लिलेन्द्र सिन्हा, धर्मेन्द्र निषाद महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष जसराज शर्मा,प्यारे निषाद, सुरेश देवांगन, पलाश गुप्ता,नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय,पार्षद सुभद्रा टांडेकर, ममता यादव, रेवती कोलियारे, सूर्य कला ठाकुर,माया ठाकुर, आरती संचेती, धीरज जैन, हेमलाल सिन्हा,संदीप भंसाली, जीतेन्द्र यादव, माधुरी निषाद सहित अनेक कार्यकर्त्ता व वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

- पंचायत उपाध्यक्ष, पार्षद एवं वरिष्ठ नागरिकों ने जताई भागीदारी

## ग्राम देवरी में 77 वा गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया



**गुण्डरदेही।** ग्राम देवरी (क) में 77 वा गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम स्कूली बच्चों, शिक्षकों एवं नागरिकों के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। इस दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारों से वातावरण गूंज उठा। मुख्य चौक, आजाद चौक, आंगनबाड़ी, पंचायत भवन में तिरंगा फहराया गया। शाला परिसर में तिरंगा फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथि स्वागत उपरांत बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। उत्कर्ष कर्मचारी संघ द्वारा आगामी वर्ष में कक्षा पहली में भतएँ होने वाले सभी विद्यार्थियों को बैग, बेल्ट, जूता, मोजा प्रदान करने की घोषणा की गई। बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए शाला विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष स्वगएँय मेघनाथ साहू की स्मृति में शैल साहू द्वारा कक्षा पहली से पांचवी तक के प्रथम स्थान ग्रहण करने वाले बच्चों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया और प्रतिवर्ष सम्मान देने की घोषणा की।

## शैलदेवी महाविद्यालय में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया



**अंडा।** शैलदेवी महाविद्यालय, अंडा (दुर्ग) में 26 जनवरी 2026 को 77वां गणतंत्र दिवस अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजन कुमार दुबे, चेयरमैन, शैलदेवी महाविद्यालय थे। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान व देशभक्ति नारों के साथ हुआ। मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर उपस्थित शिक्षकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज विश्व संघर्ष के दौर से गुजर रहा है जिससे भारत भी अछूता नहीं है प्रत्येक राष्ट्र की संप्रभुता उसकी आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी ज्ञान व क्षमता पर निर्भर करता है विश्व की अग्रणी एवं शक्तिशाली देश आर्थिक, सामाजिक, सामरिक एवं तकनीकी रूप से कमजोर देश को अपने गुलाम बनाने के लिए युद्ध नहीं करते वरन आंतरिक कलह और कमजोरी का फायदा उठाकर अपने अनुरूप चलाते हैं। अतः हमें भी गुलामी से बचने के लिए आर्थिक, बौद्धिक व तकनीकी रूप से सशक्त होना होगा तभी हमारा राष्ट्र सशक्त और आत्मनिर्भर बनेगा। तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुरूप वर्तमान शिक्षा पद्धति में सार्थक और व्यावहारिक परिवर्तन आवश्यक है जिससे आज का समाज सजग होगा और राष्ट्र विकास की ओर अग्रसर होगा। यह राष्ट्रीय पर्व देश के लिए संविधान के महत्व एवं विशिष्टता को दर्शाते हैं और युवाओं में देशभक्ति, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करते हैं। समस्त महाविद्यालय परिवार ने एक स्वर में देश की एकता, अखंडता एवं प्रगति के लिए संकल्प लिया।

## माता कर्मा महाविद्यालय में उत्साहपूर्वक मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही



नगर के प्रतिष्ठित माता कर्मा कला वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय गुण्डरदेही में 77वां गणतंत्र दिवस बहुत ही उत्साह के साथ मनाया गया। आदर्श जन शिक्षण समिति के अध्यक्ष सतीश साहू ने कहा कि 26 जनवरी 1950 में संविधान सभा के गठन के बाद देश में विश्व का सबसे बड़ा संविधान लागू किया गया जिसमें 395 अनुच्छेद एवं आठ अनुसूची शामिल किया गया था आज देश अपने सशक्त संविधान के बलबूते पर अलग–अलग भाषा एवं संस्कृति में विविधता होने के बावजूद एक होकर चल रहे हैं, यह संविधान के ऊपर आस्था विश्वास का प्रतिफल है देश आज विश्व में अर्थव्यवस्था के क्रम में तीसरा सबसे बड़ा ताकत है। इस अवसर पर आज यूरोपीय यूनियन के कमीशन प्रेसिडेंट उर्सुला वान डेर एवं यूरोपीय काउंसिल के प्रेसिडेंट एंटोनियो कोस्टा गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि होंगे एवं कल उनके द्वारा अब तक का सबसे बड़ा रक्षा सौदा, आपसी सहयोग, आतंकवाद के मुद्दे पर एक बड़ा समझौता होगा। वही व्यापार के क्षेत्र में भी एक बड़ा समझौता होगा, जिसका लाभ देशवासियों को मिलेगा। साहू ने कहा कि प्रदेश में 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद पूर्ण रूप से समाप्त हो जाएगा।

जिससे बस्तर अंचल के साथ पूरे प्रदेश में शांति व्यवस्था कायम होगी। उन्होंने युवाओं को कंपटीशन एग्जाम के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया यह समय सक्रिय रहकर आगे बढ़ने का है देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और इसमें हमें भी अपने भागीदारी पूर्णतः बढ़ानी है। इस अवसर परसमिति के कोषाध्यक्ष अरुण साहू, सह सचिव पूरेन्द्र देवांगन, प्राचार्य एमएल देशमुख, कार्यालय प्रभारी हेमंत साहू, नीलकंठ सिन्हा, सहायक प्राध्यापक गण किरण साहू, आशारानी दिल्लीवार, घनश्याम साहू, पूनम कुमार सहित समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### गुण्डरदेही में 77वें गणतंत्र दिवस पर दिखा देशभक्ति का उत्साह



**गुण्डरदेही।** देश के 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर नगर पंचायत गुण्डरदेही में देशभक्ति का अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन द्वारा नगर के विभिन्न प्रमुख संस्थानों और गौरव स्थलों पर गरिमामय उपस्थिति के बीच ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान उन्होंने समस्त नगरवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दीं। गणतंत्र दिवस का मुख्य कार्यक्रम नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित हुआ, जहां अध्यक्ष प्रमोद जैन ने तिरंगा फहराकर राष्ट्रगान के साथ सलामी दी। इसके पश्चात बस स्टैंड गुण्डरदेही, भाजपा कार्यालय, मार्केटिंग सोसायटी और चौनगंज स्थित प्राथमिक शाला में भी ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। भाजपा कार्यालय में ध्वजारोहण भाजपा मंडल अध्यक्ष युवराज मारकंडे ने किया। इस अवसर पर मोहन जैन, विनोद चंद्राकर, केशव साहू, छगन सोनकर, सौरभ चोपड़ा, रवि देवांगन, अनूप नामदेव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### खपरी ब में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस



**गुण्डरदेही।** ग्राम खपरी ब में 77 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच लेखराम साहू ने पंचायत भवन मे ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर महेंद्र मंडावी, तुकाराम परमेश्वरी बाई, पंच कमलनारायण साहू, आश्विन, मोहन, माहेश्वरी, लक्ष्मी एवं स्कूली बच्चे एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### ग्राम पंचायत जामगांव आर में सरपंच रूपेंद्र ने किया ध्वजारोहण



**जामगांव आर।** ग्राम पंचायत जामगांव आर में सरपंच रूपेंद्र शुक्ला ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान सेजस विद्यार्थियों ने ध्वजारोहण संपन्न कराया। इस अवसर पर डॉ धर्मेंद्र निर्मल, मनीष जैन, उपसरपंच मुकेश साहू, सचिव नरेश महतो सहित पंच गण एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### गुण्डरदेही मे 77 वें गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया



**गुण्डरदेही।** तहसील साहू सदन गुण्डरदेही मे 77 वें गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। जहां तहसील अध्यक्ष डां मानसिंग सार्वा ने तहसील प्रांगण मे ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर तहसील उपाध्यक्ष हेमंत साहू, नगर अध्यक्ष लेखुराम साहू, केवल साहू, भगवान दास साहू, कल्याण साहू, जेआर साहू, बिरेंद्र साहू, राजेंद्र साहू, रागिनी साहू, भागवत साहू उपस्थित थे।

### जामगांव आर में ध्वजारोहण करते उप सरपंच मुकेश साहू



**जामगांव आर।** बस स्टैंड किसान चौक जामगांव आर में ध्वजारोहण उप सरपंच मुकेश साहू ने किया। सेजस विधार्थियो ने ध्वजारोहण संपन्न कराया।

### उपतहसील कार्यालय पर ध्वजारोहण कर मनाया गणतंत्र दिवस



**जामगांव आर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर उपतहसील जामगांव आर में अतिरिक्त तहसीलदार ममता टावरी ने ध्वजारोहण किया। रीडर सिन्हा सहित स्टॉफ, कोटवार, ग्रामीण सहित ध्वजारोहण कराने आए। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर के विद्यार्थी एवं शिक्षक गण उपस्थित थे।

### सेवा सहकारी समिति बटरेल में कमलेश ने ध्वजारोहण किया



**जामगांव आर।** सेवा सहकारी समिति बटरेल में प्राधिकृत अधिकारी कमलेश साहू ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर समिति सदस्य अधिकारी कर्मचारी सहित किसान उपस्थित रहे। आभार शाखा प्रबंधक खुमेश वर्मा ने किया।

